# मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण

32, सिविल लाईन, मथुरा

पत्रांकः 1013 /म0वृ0वि0प्रा0/2019–20 दिनांक 17/8/19

परियोजना प्रबन्धक
ड्रेनेज एवं सीवरेज इकाई, उ0प्र0 जल निगम
वाटर वर्क्स कम्पाउन्ड, कृष्णानगर मथुरा।

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0जी0टी) के आदेशानुसार गोवर्धन परिकमा मार्ग पर स्थित अन्यौर गांव, राधाकुण्ड देहात एवं जतीपुरा ग्राम के स्टोर्म वाटर ड्रेन के निर्माण के सम्बन्ध में।

कृपया गोवर्धन परिकमा मार्ग पर स्थित अन्यौर ग्राम, राधाकुण्ड देहात एवं जतीपुरा ग्राम के स्टोर्म वाटर ड्रेन के निर्माण के सम्बन्ध में अपने पत्रांक 773/गोवर्धन ड्रेनेज/37/दिनांक 29.06.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। इस कार्यालय के पत्र सं0 536/म0वृ0वि0प्रा0/2019–20 दिनांक 22.06.2019 के द्वारा मा0 एन0जी0टी0 के आदेशों के अनुपालन में गोवर्धन परिकमा मार्ग पर ग्राम अन्यौर, राधाकुण्ड देहात एवं जतीपुरा ग्राम के स्टोर्म वाटर ड्रेन निर्माण की परियोजना, कुल लागत धनराशि रू0 1573.75 लाख, की प्रतिबन्धो के साथ स्वीकृति प्रदान कर अग्रेतर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है। आप के उपरोक्त अनुरोध पत्र दिनांक 29.06.2019 के कम में कुल परियोजना लागत धनराशि रू0 1573.75 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 786.875 लाख अग्रिम के रूप में निम्न शर्त के साथ चैक के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है।

1. इस राशि को अलग बैंक खाते में रखा जाये, तथा इस राशि पर प्राप्त ब्याज की सूचना/विवरण इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये।
2. इस राशि का उपयोग केवल इसी कार्य/परियोजना हेतु किया जाये।
3. प्राधिकरण के पूर्व पत्र सं0 536/म0वृ0वि0प्रा0/2019–20 दिनांक 22.06.2019 के अनुसार निर्माण से पूर्व Ministry of Housing & Urban Affair Government of India की तकनीकी संस्था Central Public Health & Environment Enginneering Organisation (CPHEEO) से योजना का परीक्षण/वेट कराकर निर्माण कराया जायेगा एवं परीक्षण पर होने वाले व्यय का वहन आपके विभाग द्वारा स्वयं करना होगा।

कृपया उपरोक्तानुसार प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर समय से परियोजना का कियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि मा0 न्यायालय के आदेशों का अनुपालन हो सकें।

संलग्नकः– चेक सं0 02002610 यूनियन बैंक आफ इण्डिया की मूल प्रति।

17-8-19
सचिव
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण
मथुरा

प्रतिलिपिः–
1. आयुक्त आगरा मण्डल आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. उपाध्यक्ष महोदय म0वृ0वि0प्रा0 को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. महाप्रबन्धक, यमुना प्रदूषण नियन्त्रण. इकाई, उ0प्र0 जल निगम, आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता, म0वृ0वि0प्रा0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

सचिव
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण
मथुरा

1578

योगेश कुमार शर्मा
परियोजना प्रबन्धक
ड्रेनेज एवं सीवरेज इकाई
उ0 प्र0 जल निगम मथुरा

Scanned by CamScanner